# रायगढ़ जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन समारोह हुआ आयोजित

**❒ रायगढ़ को विकास की राह पर लगातार आगे ले जाने के लिए काम करेंगे- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी**

रायगढ़




रायगढ़ जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन व शपथ ग्रहण समारोह वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में संपन्न हुआ। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने इतने व्यापक स्तर पर जो विश्वास आप सब पर जताया है उस पर एक टीम की तरह कार्य करते हुए खरा उतरने के लिए काम करना है।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में सकारात्मक बदलाव और विकास कार्यों नई रफ्तार देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सवा सालों में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनहित के कार्यों को गति प्रदान की है। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए खातों में अंतरित किए गए हैं। बीते दिनों किसानों को इस वर्ष के धान खरीदी के अंतर की राशि के 12 हजार करोड़ रूपये एकमुश्त दिए गए। इतनी बड़ी रकम किसानों को एक साथ पहली दफा दी गई है। जिसका असर रहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। दोपहिया और ट्रैक्टर के बिकवाली में तेजी बनी रही। 70 लाख माताओं बहनों को प्रतिमाह 1 हजार की राशि महतारी वंदन योजना के माध्यम से दे रहे हैं। आवास निर्माण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए सरकार गठन के पश्चात पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास निर्माण के लिए मंजूरी प्रदान किया गया। पिछले सवा साल में आवास निर्माण के काम काफी तेजी से हो रहे हैं। राशि जारी होने के साथ आवासों के निर्माण में प्रगति आई है। कई हितग्राहियों के आवास अब बनकर तैयार भी हो चुके हैं। राम लला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को अयोध्याधाम और बनारस के दर्शन करवा रहे हैं। हाल ही में संपन्न कुंभ में प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में 4 एकड़ में छत्तीसगढ़ पवेलियन तैयार किया था। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के कुंभ यात्रियों को मिला।

रायगढ़ के लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने इस मौके पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के नेतृत्व में रायगढ़ जिले में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि यह जिले के नागरिकों का भरोसा है जिसके कारण यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सभी को मिली है इस भरोसे पर खरा उतरने के लिए काम करना है।

इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गबेल ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रायगढ़ जिले के विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है जिसे पूरा करने के लिए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में लगातार सभी मिलकर कार्य करेंगे। जिला पंचायत रायगढ़ के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष दीपक सिदार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की नव निर्वाचित टीम अपने रायगढ़ के विकास के अपने दायित्व को पूरा करने हर संभव प्रयास करेगी।

इस अवसर पर नगर निगम के महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू, अरूणधर दीवान, उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सत्यानंद राठिया, गुरूपाल भल्ला, विवेक रंजन रंजन सिन्हा, गोपाल शर्मा, मनहरण राठौर, सतीश बेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष खरसिया कमल गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारंगढ़ अजय नायक, श्रीकांत सोमावार, महेश साहू, सुभाष पाण्डेय, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अपर कलेक्टर रवि राही सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगर निगम के पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**रायगढ़ में विकास की लिख रहे नयी इबारत-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि रायगढ़ में विकास कार्यों को नई पहचान देने के लिए कार्य कर रहे हैं। यहां 35 करोड़ की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण शुरू हो चुका है। इतवारी बाजार के साथ ऑक्सीजोन और पटेल पाली में आदर्श मंडी के निर्माण कार्य भी चल रहे हैं। शहर की सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। रायगढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण केलो परियोजना के नहरों का काम जल्द पूरा करने के लिए बजट से 100 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही 291 करोड़ रुपए की अतिरिक्त प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### थाना परिसर में आगजनी, कई गाड़ियां जलकर राख

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के कोतवाली थाना परिसर में आज सुबह एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। इस भीषण आग में वहां खड़ी कई जब्त गाडियां जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई, और आसपास के लोग घबराए हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि थाना परिसर में आग कैसे लगी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग सबसे पहले जब्त वाहनों में लगी थी, जो देखते ही देखते तेजी से फैल गई और कई गाडियां इसकी चपेट में आ गईं।

### मरीज लेने जा रही 102 महतारी एक्सप्रेस सडक़ पर अनियंत्रित होकर पलटी: चालक गंभीर

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में मरीज को लेने जा रही 102 महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस ग्राम बेंद्रकोना के पास एक हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि ओवरटेक करते समय वह बीच सडक़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक को गंभीर चोटें आईं हैं। जानकारी के अनुसार घटना अर्ध रात्रि घटित हुई हैं। एंबुलेंस जिला मेडिकल कॉलेज से एक मरीज को लेने जा रही थी। एंबुलेंस ग्राम बेंद्रकोना मुख्य मार्ग पर पहुंची ही थी कि एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलट गई। हादसे के बाद चालक काफी देर तक एंबुलेंस में ही फंसा रहा, जिसे वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल वाहन से बाहर निकाला और आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। एंबुलेंस चालक देवदास को गंभीर चोटें आईं हैं। गनीमत यह रही कि घटना के समय एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। फिलहाल घायल चालक का अस्पताल में इलाज जारी है।

### सूने मकान का ताला टूटा, जेवर पार

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम तुलसी स्थित गैलेक्सी न्यू टाउन मंदिरहसौद स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुष्यंत वर्मा 36 वर्ष ग्राम तुलसी गैलेक्सी न्यू टाउन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर होली त्योहार मनाने गृहग्राम गया था। जब वापस लौटा तो देखा की घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## रायगढ़ पुलिस की म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले इंटर स्टेट गैंग पर बड़ी कार्यवाही

**❒ पश्चिम बंगाल में रेड कर गैंग लीडर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी, मोबाइल, एटीएम कार्ड की जप्ती**

**❒ म्यूल अकाउंट होल्डर्स की जांच में पूर्व में 10 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

रायगढ़

साइबर अपराधों में साइबर ठगों द्वारा रुपए प्राप्त करने के लिए म्यूल अकाउंट का उपयोग किया जाता है। साइबर ठगों द्वारा अब गांवों में लोगों को रूपयों का लालच देकर उनके अकाउंट खरीदे जा रहे हैं जिन्हें दीगर राज्यों में सक्रिय इंटर स्टैट गैंग को उपलब्ध कराया जा रहा है जिसकी गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा म्यूल अकाउंट होल्डर्स पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। रायगढ़ पुलिस द्वारा थाना चक्रधरनगर के संबंधित अपराध क्रमांक 58/2025 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस में अब तक म्यूल खाता खुलवाने और लालच में अपने अकाउंट ठगो को बेचने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

म्यूल अकाउंट होल्डर के गैंग का पता लगाने पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के निर्देशन एवं निरीक्षक नासिर खान के नेतृत्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और उनके पूर्व रिकॉर्ड की जानकारी लेकर म्यूल अकाउंट होल्डर की विस्तृत जांच की जा रही है जिसमें साइबर सेल रायगढ़ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे ग्राम बड़े रबेली थाना मालखरौदा जिला सक्ती के रहने वाला गांधी साण्डे स्थानीय लोगों को रूपये का लालच देकर उनके बैंक खाते खरीदता था और उन खातों को साइबर ठगों को बेचा करता था।

आरोपी गांधी साण्डे को साइबर सेल की टीम पूछताछ की तब आरोपी ने अपराध स्वीकार कर बताया कि वह स्थानीय लोगों को बहला फुसलाकर और रुपए का लालच देकर खाता खरीदता था और पश्चिम बंगाल के मोहम्मद अफजल और मोहम्मद मजीद को 17,000 रूपये प्रति अकाउंट पर कमीशन लेकर करीब 80-90 लोगों के खाता उपलब्ध कराया है तथा आरोपी गांधी साण्डे, फ्रॉड के पैसे एटीएम कार्ड से निकाल कर अफजल और मजीद के खाते में ट्रांसफर किया है। आरोपी गांधी साण्डे से मिली महत्वपूर्ण जानकारी पर तत्काल पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल, थाना तमनार और थाना चक्रधरनगर की संयुक्त टीम बनाकर पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। रायगढ़ पुलिस टीम द्वारा संदेही मोहम्मद अफजल और मोहम्मद मजीद की आसनसोल, जिला वर्धमान में पतासाजी कर हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। संदेहियों से पूछताछ पर आरोपियों ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि वे जामताड़ा साइबर फ्रॉड गैंग के लिए काम करते हैं, वे साइबर ठगी में प्राप्त होने वाले रुपए में 18 पर्सेंट कमीशन प्रति अकाउंट लिया करते थे। आरोपियों ने बताया कि जामताड़ा गैंग को खाता उपलब्ध कराने के साथ, वे ठगी के रुपए भी एटीएम और कियोस्क सेंटर से निकाला करते थे। आरोपियों को थाना चक्रधरनगर के संबंधित अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## बरमपुर नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्त नहीं

कोरबा । आरएनएस

जिले के बरमपुर नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शनिवार दोपहर को कोरबा विद्युत गृह से निकलने वाली नहर में बरमपुर अंग्रेजी शराब दुकान के पास यह शव झाडिय़ों में फंसा हुआ मिला। सर्वमंगला चैकी क्षेत्र की घटना है। राहगीरों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

शव की स्थिति से अनुमान है कि यह करीब 3-4 दिन से पानी में था। नहर में पानी का स्तर कम होने के कारण शव पेड़ की झाडिय़ों में फंस गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। जहां शव को जिला अस्पताल के मरचुरी में रखा गया है।

मृतक ने काले रंग की टी-शर्ट और भूरे रंग की पैंट पहन रखी है। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है। जिले के विभिन्न थानों के साथ-साथ सरहदी इलाकों में भी गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह हादसा है या कोई अन्य मामला।

## एएसपी के ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

धमतरी । आरएनएस



जिले के नगरी ब्लाक से एक दर्दनाक सडक़ हादसे की खबर सामने आई है, जिसमें एक स्कॉर्पियो वाहन बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में वाहन के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना नगरी थाना क्षेत्र के सांकरा मार्ग पर स्थित एक सूअर फर्म के पास घटी।

जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो वाहन नगरी छीपली चौक से लगभग एक किलोमीटर दूर पलट गई और फिर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में चालक बलराम ठाकुर, जो राजिम क्षेत्र, जिला गरियाबंद का निवासी था, की मौके पर ही मौत हो गई। स्कॉर्पियो का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की और मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बलराम ठाकुर हाल ही में नगरी में पदस्थ एएसपी शैलेंद्र कुमार पांडे का वाहन चालक था और वह करीब ढाई महीने से इस कार्य में लगा हुआ था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और जांच जारी है।

## होली के दिन दोस्त ने चाकू मारकर की दोस्त की हत्या

धमतरी । आरएनएस

होली के दिन पार्टी मनाने के लिए नवागांव महानदी किनारे गये दोस्त ने दोस्त को चाकू मारकर की हत्या,के आरोपी को धमतरी पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी दोस्त ने किया था मृतक दोस्त को चाकू मारकर हत्या। आरोपी के विरुद्ध चौकी करेली बड़ी में हत्या की धारा 103 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को भेजा गया जेल। संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 14.03.25 के दिन करीबन 03.00 बजे मृतक लोचन निषाद पिता व्यास निषाद उम्र 19 वर्ष अपने अन्य साथियो के साथ पार्टी मनाने के लिए नवागांव महानदी किनारे आये थे खाना बनाकर खा रहे थे उसी समय आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव पिता स्व0 कृपाराम ध्रुव उम्र 39 वर्ष साकिन वार्ड नं0 19 गोबरा नयापारा थाना गोबरा नयापारा भी आयाऔर साथ में खाना खाया आरोपी द्वारा पूर्व रंजिश के चलते अपने पास रखे धारदार चाकु से मृतक के बायें सिने में चोट पहुंचाकर प्राणघातक हमला किया जिससे मृतक की मौके पर ही मृत्यु हो गई कि उक्त घटना की रिपोर्ट थाना गोबरा नवापारा मे 00/25 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर सम्पूर्ण जांच कार्यवाही किया गया तथा थाना गोबरा नवापारा से 00/25 की मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना मगरलोड में मर्ग क्र0 15/25 तथा अप0क्र0 41/25 धारा 103 बीएनएस. पंजीबद्ध कर विवेचना ने लिया गया विवेचना दौरान तत्काल आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो अपने मेमोरेण्डम कथन में घटना में प्रयुक्त धारदार चाकु व घटना के समय पहने हुये टी-शर्ट को झाड़ी झुरमुट से निकालकर पेश करने पर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है आरोपी को आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

आरोपी का नाम-: ओमप्रकाश ध्रुव पिता स्व0 कृपाराम ध्रुव उम्र 39 वर्ष साकिन वार्ड नं019 गोबरा नयापारा थाना-गोबरा नयापारा,जिला गरियाबंद (छ.ग.)। संपूर्ण कार्यवाही में एसडीओपी.कुरूद में चौकी करेलीबडी प्रभारी सहित समस्त स्टॉफ व थाना गोबरा नवापारा निरीक्षक व स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## स्टेयरिंग फेल होने से वाहन का कमानी पट्टा टूटा: यात्री बस घुसी खेत में

कोरबा । आरएनएस

रविवार को सुबह पूर्व जिले में पेंड्रा मार्ग पर एक निजी ट्रैवलिंग कंपनी की यात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई। स्टेरिंग फेल होने से वाहन का कमानी पट्टा टूट गया और वह सडक से उतरकर खेत में जा घुसी। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

बताया गया कि पेंड्रा से कोरबा आ रही रही एक निजी बस जडगा से कुछ दूर अमलडीहा में दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में ड्राइवर और कंडक्टर के अलावा गिनती के यात्री सवार थे। पता चला कि बस के रनिंग शेड्यूल में ही एक बस का कमानी पट्टा टूट गया जिससे स्टेरिंग फेल हो गया। इसके साथ बस अनियंत्रित हो गई और सडक से उतरकर किनारे खेत में चली गई। हालांकि देवयोग से वह पलटने से बच गई। ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर हुए इस घटनाक्रम की जानकारी होने पर आसपास के लोग हरकत में आए। उन्होंने तत्काल इस पर संज्ञान लिया। जतगा पुलिस भी मौके पर पहुची। हादसे के इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई।

बस का स्टेरिंग फेल होने पर चालक उसे संभालने की कोशिश कर रहा था लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। कुछ ही देर में यात्रियों से भरी बस सडक से उतर कर बगल में लगे खेत में जा घुसी। अच्छा यह हुआ कि बस मौके पर नहीं पलटी वरना अनहोनी तय थी। फिर भी बस के इस तरह से खेत में आ जाने से उसमें सवार लोगों में अफरातफरी मच गई। दुर्घटना के बाद एक दूसरे के बारे में जानना चाहा कि उन्हें कितनी चोट आई है। पुलिस ने बताया कि मामला तकनीकी फॉल्ट का है फिर भी इसमें विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले चालकों को कई प्रकार के नियम बताए गए थे।

परिवहन विभाग के द्वारा समय-समय पर अभियान चला कर विभिन्न प्रकार की गाडियों का फिटनेस जांच किया जाता है और इस बात की परख की जाती है कि उनमें सभी प्रकार के समान बेहतर काम कर रहे हैं या नहीं। खामियां पाए जाने पर समझाइश दी जाती है और पेनाल्टी की जाती है। पेंड्रा रोड से कोरबा के बीच चलने वाली यात्री बस में जो तकनीकी समस्या पेश आई उसने सवाल खड़े किए हैं कि आखिर किस आधार पर इस प्रकार की गाडियां सडक पर दौड़ रही है।

कोरबा जिले की सडकों पर काफी संख्या में खटारा कैटेगरी के वहां लगातार दौड़ते नजर आ रहे हैं। इनके चलने से लोगों की जान जोखिम में है। विकल्प की कमी के कारण इस प्रकार के वाहनों में चलना लोगों की मजबूरी बन चुकी है।

## अवैध संबंधों की कीमत बनी मौत: दोस्त ही निकला कातिल, चक्रधरनगर पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा

**❒ पुलिस ने 12 घंटे के भीतर अंधे कत्ल का खुलासा**

**❒ जामगांव रेल्वे ट्रैक पर मिले युवक के शव मामले में अवैध संबंध के कारण हत्या का खुलासा, साथी ड्रायवर ने ही की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार**

रायगढ़

जामगांव रेलवे ट्रैक पर 12 मार्च की सुबह मिली अज्ञात युवक की लाश के सनसनीखेज मामले का चक्रधरनगर पुलिस ने पुलिस ने 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि अवैध संबंधों के कारण युवक की हुई हत्या थी। मृतक जितेंद्र सिंह की हत्या उसके ही साथी ट्रक चालक सुरेश सिंह और उसके सहयोगी ने मिलकर की थी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी सुरेश सिंह को शक था कि जितेंद्र का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। इसी रंजिश में उसने अपने साथी के साथ मिलकर जितेंद्र को मौत के घाट उतारने की साजिश रची। 11 मार्च की रात जब जितेंद्र अपना ट्रेलर एसपी प्लांट के पास खड़ा कर रहा था, तब आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर जामगांव रेलवे ट्रैक के पास बुलाया।

घटनास्थल पर सभी ने मिलकर शराब पी। इसी दौरान पहले से तय योजना के तहत सुरेश और उसके साथी ने जितेंद्र पर हमला कर दिया। हाथ-मुक्कों से मारपीट के बाद आरोपियों ने नुकीले हथियार से उसके सिर और गले पर वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी।

हत्या के बाद सुरेश ने पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद ही थाने जाकर लाश मिलने की रिपोर्ट लिखवाई। लेकिन चक्रधरनगर थाना प्रभारी प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले में अपराध क्रमांक 101/2025 धारा 103(1), 238(ए) बीएनएस का अपराध दर्ज करकी गहराई से जांच शुरू की। साइबर सेल और फॉरेंसिक टीम की मदद से जुटाए गए सबूतों ने सुरेश की साजिश का पर्दाफाश कर दिया। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो सुरेश ने अपना गुनाह कबूल लिया।

पुलिस ने आरोपी सुरेश सिंह पिता स्वर्गीय गोपाल सिंह उर्फ बबल उम्र 42 साल निवासी ग्राम कुदारी पोस्ट रारो (झारखंड) को गिरफ्तार कर लिया है, उसका साथी अभी फरार है। सुरेश के कब्जे से एक मोबाइल भी जब्त किया गया है, जो मामले में अहम सबूत साबित हो सकता है। पुलिस टीम अब फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

इस त्वरित खुलासे में थाना प्रभारी प्रशांत राव, सहायक उपनिरीक्षक नंद कुमार सारथी, प्रधान आरक्षक रवि सहाय, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, मिनकेतन पटेल, अभय यादव, राजेश सिदार और साइबर सेल टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस अब इस हत्या में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है। मामले से जुड़े हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। रायगढ़ पुलिस ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही फरार आरोपी भी सलाखों के पीछे होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU